**Title:** Need to declare `Pariyar' in Unnaon district of U.P. as a tourist resort and take steps for its development.

श्री देवी बक्स सिंह (उन्नाव): सभापति महोदय, मेरे जनपद उन्नाव, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत परियर एक पर्यटन स्थल है, जहां पर सीता जी ने श्रीराम द्वारा त्यागे जाने पर अपने जीवन के कई साल बिताये थे। इसी स्थान पर ऋषि बाल्मीकि का आश्रम भी था और इसी स्थान पर लव और कुश का जन्म हुआ था। इस स्थान को पर्यटन स्थल घोषित करने के लिए क्षेत्र की जनता लगातार मांग करती आ रही है तथा मैंने भी पिछले वर्षों में सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया है, परन्तु सरकार द्वारा इस पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है।

अतः मेरा केन्द्रीय पर्यटन मंत्री जी से अनुरोध है कि उन्नाव जनपद के परियर को पर्यटन केन्द्र घोषित करें तथा इसके विकास के लिए तत्काल कदम उठाये जायें.